आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार

देहरादून (उत्तराखण्ड)

सोमवार 27.07.2026

समय 07.20

**मुख्य समाचार :—**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा—विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण।
- मुख्यमंत्री ने कहा—उत्तराखंड को साहित्यिक पर्यटन के महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में कार्य कर रही है सरकार।
- विलुप्त होती दून बासमती की खुशबू फिर लौटेगी, सफल ट्रायल के बाद देहरादून के 160 किसानों ने 75 हेक्टेयर में संभाली कमान।
- अल्मोड़ा जिले के सोमेश्वर में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में मंत्री रेखा आर्या ने कहा—युवा शक्ति ही देश की असली ताकत।

**प्रधानमंत्री का युवाओं से संवाद**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि विकसित भारत के निर्माण में देश के युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि युवा केवल विकसित भारत की ताकत ही नहीं, बल्कि उसके सबसे बड़े लाभार्थी भी हैं। वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जब युवाओं की ऊर्जा देश की चुनौतियों के समाधान में लगती है, तो देश का भविष्य और उज्ज्वल होता है। उन्होंने कहा कि जमीनी हकीकत से जुड़कर युवा समावेशी विकास को और मजबूत बनाते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को सीमावर्ती गांवों को देखने, समझने और उनसे जुड़ने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम बड़ा लोकप्रिय बन गया है। प्रतियोगिता में करीब 3 लाख युवाओं ने हिस्सा लिया, जिनमें से 400 से अधिक प्रतिभागियों का चयन किया गया। उन्होंने कहा कि विकसित गांव

ही विकसित भारत की मजबूत नींव हैं और इस लक्ष्य को हासिल करने में युवाओं की अहम भूमिका है।

## साइबर ठगी का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

उत्तराखंड स्पेशल टास्क फोर्स–एसटीएफ की साइबर क्राइम पुलिस ने 24 लाख 95 हजार रुपये की साइबर ठगी के मामले में अंतर्राज्यीय साइबर गिरोह के एक प्रमुख सदस्य को पश्चिम बंगाल के नॉर्थ 24 परगना जिले से गिरफ्तार किया है। आरोपी संगठित साइबर गिरोह के लिए बैंक खाते, एटीएम कार्ड और सिम कार्ड उपलब्ध कराने का काम करता था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, एसटीएफ के अनुसार, देहरादून निवासी एक कारोबारी ने साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी कि साइबर ठगों ने उनका मोबाइल फोन हैक कर ई–मेल आईडी और मोबाइल नंबर बदल दिया। इसके बाद उनकी कंपनी के बैंक खाते से करीब 24 लाख 95 हजार रुपये की धोखाधड़ी कर ली गई। मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। बैंक खातों और मोबाइल नंबरों के विश्लेषण के आधार पर एसटीएफ की टीम पश्चिम बंगाल पहुंची और हाबरा बाजार क्षेत्र से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## लेखक–साहित्यकार संवाद

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय स्थित मुख्य सेवक सदन में वरिष्ठ लेखकों और साहित्यकारों के साथ संवाद किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के सर्वांगीण विकास, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और सामाजिक चेतना के संवर्धन में साहित्यकारों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। राज्य सरकार प्रदेश में सशक्त साहित्यिक वातावरण तैयार करने और साहित्यकारों को प्रोत्साहन देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड को साहित्यिक पर्यटन के महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से दो साहित्य ग्राम स्थापित करने की योजना पर कार्य किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सरकार उत्तराखंड भाषा संस्थान के माध्यम से प्रदेश के पुराने, बिखरे और अप्रकाशित साहित्य के संग्रह, संरक्षण और प्रकाशन का कार्य कर रही है। साहित्यकारों के सम्मान और प्रोत्साहन के लिए उत्तराखण्ड साहित्य गौरव सम्मान तथा दीर्घकालीन साहित्य सेवी सम्मान प्रारम्भ किए गए हैं। रुद्रप्रयाग जिला प्रशासन द्वारा संचालित 1000 पुस्तक दान अभियान को मुख्यमंत्री ने अपना सहयोग प्रदान किया। उन्होंने संवाद कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लेखकों की 50 पुस्तकें स्वयं खरीदकर रुद्रप्रयाग के सार्वजनिक

पुस्तकालय को उपलब्ध कराने की घोषणा की। रुद्रप्रयाग में एक पुस्तक, एक वृक्ष, एक उज्ज्वल भविष्य थीम पर सार्वजनिक पुस्तकालय के लिए पुस्तक संग्रह अभियान संचालित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने इस अभिनव पहल की सराहना करते हुए कहा कि पुस्तकें समाज में ज्ञान, संस्कार और सकारात्मक सोच का आधार होती हैं।

## कारगिल विजय दिवस

कारगिल विजय दिवस पर राज्यपाल गुरमीत सिंह ने चीड़बाग, देहरादून स्थित शौर्य स्थल पर पुष्पचक्र अर्पित कर कारगिल युद्ध के वीर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर राज्यपाल ने कारगिल युद्ध के शहीदों के परिजनों और वीर नारियों को सम्मानित कर उनके अदम्य साहस, धैर्य और राष्ट्र के प्रति उनके अमूल्य योगदान को नमन किया। उन्होंने गैलेंट्री अवार्ड प्राप्त वीर सैनिकों तथा समाज और राष्ट्रहित में

उत्कृष्ट कार्य करने वाले पूर्व सैनिकों को भी सम्मानित किया।

## दून बासमती

देश–विदेश में अपनी विशिष्ट सुगंध, स्वाद और गुणवत्ता के लिए पहचान रखने वाली देहरादून की पारंपरिक दून बासमती की खुशबू एक बार फिर खेतों में लौटने लगी है। देहरादून जिला प्रशासन की पहल और किसानों की मेहनत से दून बासमती के पुनर्जीवन की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को सफलता मिलने लगी है। ट्रायल के सफल परिणाम के बाद इस वर्ष दून बासमती की खेती का दायरा बढ़ाकर 75 हेक्टेयर कर दिया गया है। जिले के करीब 160 किसान इसकी रोपाई कर रहे हैं।

मुख्य कृषि अधिकारी देहरादून देवेंद्र सिंह का कहना है कि किसानों का दून बासमती के उत्पादन के प्रति अच्छा रूझान देखने को मिल रहा है।

हरबर्टपुर निवासी किसान सूर्य प्रकाश बहुगुणा ने बताया कि दून बासमती की खेती को बढ़ावा देने में जिला प्रशासन, कृषि विभाग और ग्रामोत्थान की ओर से किसानों को पूरा सहयोग मिल रहा है।

## युवा संवाद कार्यक्रम

अल्मोड़ा जिले के सोमेश्वर में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि युवा शक्ति ही देश की असली ताकत है। आज का भारत युवा भारत है, क्योंकि युवाओं की सबसे अधिक आबादी हमारे देश में है। उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का जो संकल्प प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लिया है, उस अभियान को हमारी युवा शक्ति ही अंजाम तक पहुंचाएगी। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि युवाओं का हित केंद्र और प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। प्रदेश सरकार अब तक 30,000 से ज्यादा युवाओं को सरकारी नौकरी दे चुकी है और आने वाले कुछ महीनो में इस संख्या में बड़ा इजाफा होने जा रहा है।

## वैदिक मानस योग

राज्यपाल गुरमीत सिंह ने लोक भवन में पतंजलि योगपीठ द्वारा आयोजित दो दिवसीय ''वैदिक मानस योग'' के समापन सत्र में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान वैदिक मानस योग का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके बच्चों ने लाइव डेमो प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने अभ्यास के माध्यम से विकसित अपनी एकाग्रता, मानसिक जागरूकता और संज्ञानात्मक क्षमताओं का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों के प्रदर्शन की राज्यपाल ने सराहना करते हुए कहा कि यह वैदिक मानस योग की प्रभावशीलता का सशक्त उदाहरण है। उन्होंने कहा कि बच्चों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और आंतरिक चेतना में आया सकारात्मक परिवर्तन अत्यंत प्रेरणादायक है। यह पहल नई पीढ़ी के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। राज्यपाल ने कहा कि वैदिक मानस योग का सबसे बड़ा उद्देश्य व्यक्ति को स्वयं से परिचित कराना है।

## मंत्री गणेश जोशी

सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कारगिल विजय दिवस के अवसर पर देहरादून घंघोड़ा चांदमारी स्थित करगिल शहीद के घर पहुंचकर शहीद राजेश गुरुंग की प्रतिमा पर पुष्पचक्र अर्पित कर उनके शौर्य और पराक्रम को नमन किया। उन्होंने कहा कि कारगिल विजय दिवस भारतीय सेना की वीरता, साहस और सर्वोच्च बलिदान का प्रतीक है। उन्होंने कारगिल युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका बलिदान देशवासियों को राष्ट्र की सुरक्षा और अखंडता के प्रति सदैव प्रेरित करता रहेगा।